RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : शनिवार 10 सितम्बर 2022 वर्ष 04 अंक 127 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 8 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

महाराष्ट्र में दो समूहों पर आयकर के छापे... !

100 करोड़ की धोखाधड़ी का पदार्फाश !

महाराष्ट्र : आयकर विभाग ने महाराष्ट्र में बालू खनन, चीनी बनाने की फैक्ट्री, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवा, मेडिकल कॉलेज चलाने वाले दो समूहों पर तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के दौरान 100 करोड़ रुपये के फजीर्वाड़े का खुलासा किया है। आयकर विभाग ने 25 अगस्त को छापा मारा था। विभाग ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। तलाशी अभियान महाराष्ट्र के सोलापुर, उस्मानाबाद, नासिक और कोल्हापुर जिलों में फैले 20 से अधिक परिसरों में चलाया गया। तलाशी के दौरान, हार्ड कॉपी दस्तावेजों और डिजिटल डेटा के रूप में कई बड़े सबूत मिले जिन्हें जब्त कर लिया गया। एक अधिकारी ने कहा, इन सबूतों से समूह के कर चोरी के विभिन्न तौर-तरीकों का पता चलता है, जिसमें फर्जी खचरें की बुकिंग, अघोषित नकद बिक्री, अस्पष्टीकृत ऋण, क्रेडिट प्रविष्टियां शामिल हैं। बालू खनन और चीनी की फैक्ट्री चलाने में लगे समूह के मामले में 15 करोड़ रुपये से अधिक की चीनी की बेहिसाब नकद बिक्री के सबूत मिले और जब्त किए गए। कार्रवाई से पता चला कि समूह ने अपनी बहीखातों में फर्जी असुरक्षित ऋण के रूप में जो आय पेश की है उसका कोई हिसाब किताब नहीं है। समूह के कई ऋणदाताओं, साथ ही समूह के प्रवर्तकों ने स्वीकार किया कि बिना हिसाब के 10 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी खाते में भेजी गई।

एक कॉरपोरेट इकाई द्वारा संपत्ति की बिक्री पर लगभग 43 करोड़ रुपये के पूंजीगत लाभ के साक्ष्य भी जब्त किए गए। स्वास्थ्य सेवा और मेडिकल कॉलेज चलाने के व्यवसाय में लगे दूसरे समूह में भी बिना हिसाब नकदी प्राप्ति के सबूत मिले हैं।

याकूब मेमन की कब्र सजाने के मामले में होगी कड़ी कार्रवाई...!

'मजार' बनाने की कोशिश पर भड़के CM शिंदे

मुंबई : मुंबई में 1993 के बम ब्लास्ट के दोषी याकूब मेमन की कब्र को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है. इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने याकूब मेमन की कब्र सजाने के मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है. याकूब मेमन की कब्र सजाने को लेकर मुख्यमंत्री काफी नाराज दिखे. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि याकूब मेमन मुंबई ब्लास्ट का आरोपी है, उसे महिमामंडित नहीं किया जा सकता है. महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे. मैंने इसके बारे में बीएमसी और मुंबई पुलिस को सूचित कर दिया है, गृह मंत्रालय उचित कार्रवाई करेगा. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन की कब्र के ''सौंदर्यीकरण'' से संबंधित मामले में सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था. गुरुवार को मुख्यमंत्री ने कहा था कि मामले की जांच के आदेश के बाद जांच शुरू कर दी गई है. शिंदे ने कहा था कि इस मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

सूत्रों के मुताबिक मुंबई पुलिस को मामले की उचित जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है. इस बीच इसे लेकर सियासत भी जारी है. बड़ा कब्रिस्तान में याकूब मेमन की कब्र पर लाइट्स की व्यवस्था हटाए जाने के बाद महाराष्ट्र बीजेपी के विधायक राम कदम ने पूछा कि क्या यह महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की देशभक्ति है, जो एक आतंकवादी की कब्र को ''मजार'' में बदल देती है. याकूब मेमन की कब्र सजाने को लेकर बड़ा कब्रिस्तान वाले मामले में ट्रस्ट से जुड़े एक शख़्स ने कहा था कि अंडरवर्ल्ड की धमकी की वजह से वहां मार्बल लगाने की इजाजत दी गई थी.

नशे की लत पूरा करने के लिए किया मर्डर, हत्या के मामले में मां-बेटा गिरफ्तार... !

ठाणे : ठाणे शहर के वागले इस्टेट परिसर में एक चॉल की 65 वर्षीय मालकिन की हत्या मामले की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाते हुए उसी चॉल में रहने वाले मां-बेटे को को गिरफ्तार किया है। ठाणे के परिमंडल 5 के पुलिस कमिश्नर डॉ. विनय कुमार राठोड कि मृतका की पहचान जीजाबाई केदार के तौर पर हुई है। जो वागले एस्टेट इलाके में एक चॉल के एक घर में अकेली रहती थीं। चॉल का मालिकाना हक महिला के पास ही था। उन्होंने कुछ कमरों को वहां किराये पर दिया हुआ था। महिला के रिश्तेदारों ने बुधवार को पुलिस को सूचित किया कि वह उनका फोन नहीं उठा रही हैं। शिंदे ने कहा कि पुलिस महिला के घर गई जिसके दरवाजे पर बाहर से ताला लगा था। पुलिस ने दरवाजे को तोड़ा और अंदर महिला का शव सड़ी गली अवस्था मे मिला था। उन्होंने बताया कि पुलिस को शक था कि महिला की मौत चार-पांच दिन पहले हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया था। राठोड ने बताया कि उन्होंने संदेह के आधार पर चॉल में रहने वाले 27 वर्षीय शख्स से पूछताछ की और बुधवार रात को उसे हिरासत में ले लिया।

माहिम कॉजवे पर बनने वाला नया पुल फिशरमैन कॉलोनी और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के बीच चलेगा



मुंबई : तटीय सड़क परियोजना के तहत दादर और माहिम से बांद्रा-वर्ली सी लिंक के बांद्रा छोर के माध्यम से नया पुल मुंबई में यात्रा के समय में कटौती करेगा। माहिम कॉजवे पर बनने वाला नया पुल माहिम में फिशरमैन कॉलोनी और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के बीच चलेगा।

नया पुल दादर और माहिम से नरीमन प्वाइंट जाने वाले लंबी दूरी के यात्रियों को अतिरिक्त कनेक्टिविटी देगा और स्थानीय यातायात के लिए सेनापति बापट रोड और एसवी रोड को मुक्त कर देगा। एक बार कोस्टल रोड के पूरा हो जाने के बाद, दादर वेस्ट और माहिम के यात्री दादर मार्केट या एलफिंस्टन मार्केट या प्रभादेवी और वर्ली के माध्यम से इसे एक्सेस करने में सक्षम होंगे, और सी लिंक के वर्ली साइड तक पहुंचने के लिए वर्ली प्रोमेनेड में यू-टर्न लेंगे।

सेनापति बापट रोड से एसवी रोड तक बांद्रा रिक्लेमेशन के माध्यम से बांद्रा में सी लिंक तक पहुंचने और तटीय सड़क पर जाने के लिए या दादर पश्चिम और माहिम से दक्षिण मुंबई की ओर जाने वाले यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए आंतरिक शहर के मार्गों का उपयोग करते हैं । भीड़भाड़ के कारण, माहिम में सेनापति बापट रोड से आने के दौरान सी लिंक या हएल्ह तक पहुँचने में एक किमी की दूरी तय करने में लगभग 30 मिनट लगते हैं। पुल की दो भुजाएँ होंगी - एक उपनगरों से द्वीप शहर तक यातायात के लिए हएल्ह की ओर और दूसरा बांद्रा में सी लिंक के पास द्वीप शहर से यात्रियों के लिए पश्चिमी उपनगरों तक पहुँचने के लिए। पहली भुजा की लंबाई 512 मीटर और दूसरी भुजा की लंबाई 319 मीटर है। कनेक्टिंग ब्रिज की लंबाई 420 मीटर है जो फोर लेन रोड पर टू-वे ट्रैफिक के लिए खुला रहेगा।

संपादकीय / लेख

सियासी चंदे का खेल ...!

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

मुंबई की एक झुग्गी से ऐसी पार्टी चल रही है, जिसे दो साल में 100 करोड़ रुपये चंदे में मिले हैं, मतलब इस पार्टी का मुखिया दो साल में तीन करोड़ रुपये कमा गया। यह गलत परिपाटी या आर्थिक भ्रष्टाचार उन लोगों के साथ अन्याय है, जो वास्तव में बहुत संघर्ष करके दो जन की रोटी जुटाते हैं।

राजनीति और चुनाव के नाम पर जो अंधेरगर्दी रही है, उस पर से आयकर विभाग ने परदा कुछ हटा दिया है। राजनीतिक दलों की आड़ में बहुत कुछ ऐसा होता आया है, जिस पर चुनाव आयोग या सरकार की निगाह नहीं थी। आयकर विभाग ने दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा और कर्नाटक में करीब 205 ठिकानों पर छापे मारे हैं और अनेक कथित राजनीतिक दलों का भंडाफोड़ किया है। यह शर्मनाक बात है कि झुग्गियों, गुमटियों से भी राजनीतिक दल चल रहे हैं और करोड़ों रुपये के वारे-न्यारे कर रहे हैं। आयकर अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में एक ऐसी पंजीकृत, पर गैर-मान्यता प्राप्त पार्टी का पता लगाया, जो घड़ी मरम्मत करने की दुकान से संचालित होती थी और जिसने पिछले तीन वर्षों में चंदे के रूप में 370 करोड़ रुपये स्वीकार किए थे। जाहिर है, आयकर विभाग के लिए उस व्यक्ति का पता लगाना जरूरी हो गया, जो एक राजनीतिक पार्टी के नाम पर अरबों रुपये के वारे-न्यारे कर रहा है। घड़ी दुकान के मालिक के अलावा ऐसे राजनीतिक दल के मालिक की धर-पकड़ भी जरूरी है, जिसके लिए राजनीति या पार्टी एक कारोबार मात्र है। ऐसी पार्टियां न जाने कब से काला कारोबार चला रही हैं? वास्तव में, यह गंभीर अपराध है कि ऐसे अनेक कथित राजनीतिक दल काले धन के शोधन या आयकर बचाने के कारोबार में लगे हैं। पता यह चल रहा है कि ऐसे दलों को धन शोधन के एवज में तीन से पांच प्रतिशत कमीशन मिलता है। मतलब, जिस कथित पार्टी प्रमुख ने 300 करोड़ रुपये को चंदा स्वरूप लेकर काले से सफेद बनाया है, उसे नौ करोड़ रुपये का फायदा हुआ होगा। यदि कोई एक राजनीतिक पार्टी का पंजीकरण भर करा ले, चुनाव भी न लड़े, तब भी करोड़पति बन सकता है?

फिर सवाल उठता है कि ऐसी गैर-मान्यता प्राप्त पंजीकृत पार्टियों से किसको लाभ है? ऐसी पार्टियां न तो जमीनी संघर्ष कर रही हैं और न ही नैतिकता का पालन। इनका एक ही काम है, समाज में भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप से मजबूत करना। मुंबई की एक झुग्गी से ऐसी पार्टी चल रही है, जिसे दो साल में 100 करोड़ रुपये चंदे में मिले हैं, मतलब इस पार्टी का मुखिया दो साल में तीन करोड़ रुपये कमा गया। यह गलत परिपाटी या आर्थिक भ्रष्टाचार उन लोगों के साथ अन्याय है, जो वास्तव में बहुत संघर्ष करके दो जून की रोटी जुटाते हैं। राजनीतिक दलों के पंजीकरण को इसलिए उदार नहीं बनाया गया था कि कोई पार्टी अपना धंधा चमकाने लगे। वास्तव में, राजनीतिक पार्टियों को जब कोई चंदा देता है, तो उतनी राशि पर उसे आयकर में छूट का लाभ भी मिलता है। काफी सारा पैसा राजनीतिक दलों के पास ऐसा आता है, जिसके स्रोत का खुलासा नहीं करना पड़ता है। दान या चंदे को राजनीतिक दल आसानी से छिपा सकते हैं, क्योंकि उनकी नकेल कसने का कोई विशेष इंतजाम नहीं है। जब भी चंदे को आधिकारिक या पूरी तरह से घोषित या पारदर्शी बनाने की चर्चा होती है, तब बड़े राजनीतिक दल आगे बढ़कर अपनी अबाध आर्थिक आजादी सुनिश्चित करते हैं। आयकर विभाग ने इस सिलसिले में छापे मारकर साहसिक काम किया है। यह प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। बड़े दलों के खातों की भी पड़ताल होनी चाहिए। यह न्यायोचित नहीं कि महज छोटे दलों को ही निशाना बनाया जाए।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

लोकप्रतिनिधी नहीं होने से मनपा आयुक्त कर रहे मनमानी !

विपक्ष का आरोप बेबस हुए है आयुक्त



मुंबई : मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल के पिछले 6 महीनो के काम काज पर मनपा विरोधी पक्ष नेता रहे रविराजा ने आयुक्त को बेबस आयुक्त की उपाधि दी है। मनपा आयुक्त द्वारा पिछले 6 माह के कार्यकाल पर कहा कि मनपा का कार्यकाल 7 मार्च को खत्म होने के बाद से लोक प्रतिनिधि का अधिकार कुछ नही रहा जिसका फायदा उठाकर मनपा आयुक्त मनमानी कर रहे है। मनपा आयुक्त ने चुनाव की तैयारी को लेकर वार्डो का परसीमन किया जिसको लेकर भी अब जांच शुरू हो गई है। मनपा आयुक्त दबाव में काम करते है इसका खुलासा अभी पिछले कुछ दिनों से अधिकारियों का तबादला कर वापस ले रहे है इससे समझ में आ सकता है कि आयुक्त किस दबाव में काम करते है। मनपा आयुक्त ने वार्डो के परसीमन किया उसमें भी भारी गड़बड़ियां हुई जिसको लेकर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किए गए वार्डो के परसीमन की एस आए टी से और एंटीकरप्शन से जाँच कराने का आदेश दिया है।परसीमन में हुए घपले का कांग्रेस की ओर से स्वागत है। जो अधिकारी इसमें शामिल है उन पर कार्रवाई होनी चाहिए ।रविराजा ने आरोप लगाया कि आयुक्त दबाव में काम कर रहे है।पिछले दो साल से ऐसा कई निर्णय है जो लिए और खुद वापस लिए है।मनपा आयुक्त खुद ही अधिकारियो के ट्रांसफर का ऑर्डर निकालते है ऑर्डर कोई कर्मचारी नहीं निकालता मनपा आयुक्त ऑर्डर निकालने के बाद खुद ही वापस भी ले रहे है जो नहीं होना चाहिए। मनपा विरोधी पक्ष नेता रविराजा ने आरोप लगाया कि भिंडी बाजार में प्रस्तावित समूह पुनर्विकास योजना में मनपा को ३०० करोड़ का नुकसान हुआ है। मनपा ने अपने 23 भूखंड सैफी बुरहाणी अपलिफ्टमेंट ट्रस्ट को दिया जिसके बदले में मनपा को 2 भूखंड मिले। मनपा ने जब संस्था को अपना भूखंड दिया उस समय उसकी कीमत 500 करोड़ की थी लेकिन मनपा को जो जमीन मिली उसकी कीमत मात्र 200 करोड़ ही है जिससे मनपा को 300 करोड़ का नुकसान हुआ इस तरह का आरोप विरोधी पक्ष नेता ने लगाया इस संबंध में रवि राजा ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर राजस्व के नुकसान की जांच की मांग की है।

मुंबई के बोरीवली पश्चिम इलाके में नेमिनाथ बिल्डिंग पर बिजली गिरने के एक डरावने क्षण कैमरे में कैद

मुंबई : गुरुवार शाम को मुंबई के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे सड़कें, यातायात और रेलवे ट्रैक प्रभावित हुए। पटरियों पर पानी भर जाने से रेल सेवा प्रभावित हुई है। जहां लगातार बारिश के बीच मुंबई की सड़कों ने शहर की दयनीय स्थिति को बयां किया, वहीं शहर के क्षितिज ने रोशनी और गरज के गीत गाए।

मुंबई के बोरीवली पश्चिम इलाके में नेमिनाथ बिल्डिंग पर बिजली गिरने के एक डरावने क्षण को कैद किया। ट्विटर पर, एक उपयोगकर्ता ने अपने घर के सामने की इमारत पर बिजली के बोल्ट से टकराते हुए एक वीडियो साझा किया और लिखा, ''यह निश्चित रूप से डरावना था! सौभाग्य से, उन्होंने इमारत में एक बिजली की छड़ स्थापित की थी, अगर बिजली गिरती है तो वह सीधे जाती है जमीन पर।''

आठ सेकेंड के इस वीडियो में बिजली के बोल्ट ने जोरदार ठहाके के साथ इमारत को टक्कर मार दी। यहां तक कि कैमरे को पकड़े हुए शख्स के हाथ भी इस शानदार लेकिन डरावने पल को कैद करते हुए कांप गए। हालांकि अभी तक किसी के

दस दिनी गणेशोत्सव का समापन, मुंबई में धूमधाम से विदाई...!

आज अनंत चतुदर्शी के मौके पर देशभर में भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। इसके साथ ही 10 दिनी गणेशोत्सव का समापन हो गया है। गणेश प्रतिमाओं को पूजा अर्चना के बाद नदियों व समुद्र में प्रवाहित किया जा रहा है। मुंबई और इंदौर समेत कई शहरों में इस मौके पर चल समारोह निकाले जा रहे हैं। मुंबई में बप्पा की विदाई पर जनसैलाब सड़कों पर उमड़ रहा है। धूमधाम से विशाल प्रतिमाओं को समुद्र तटों पर ले जाया जा रहा है। इस बार कोरोना से राहत के कारण दो साल बाद धूमधाम से यह पर्व मनाया गया। 31 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर मूर्ति स्थापना के बाद 10 दिनों तक उनका हर्षोल्लास से पूजन किया गया।

गणेश प्रतिमाओं की स्थापना अपनी मान्यता के अनुसार एक दिन से लेकर तीन दिन, पांच दिन, सात दिन और नौ दिन तक की जाती है। दसवें दिन यानी अनंत चतुदर्शी के मौके पर उनका विसर्जन किया जाता है। इस मौके पर कामना की जाती है कि लोक कल्याण के लिए हे गणनायक अगले बरस जल्दी आना। गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों को लेकर कहा जाता है कि पुणे के पास चिंचवड़ में गणेशी के अनन्य भक्त व संत मोरया गोसावी रहते थे। वे इतने लोकप्रिय हुए कि मोरया नाम गणेशजी के नाम के साथ जुड़ गया और 'गणपति बप्पा मोरया' हो गया।

आयकर विभाग ने महाराष्ट्र के सोलापुर, उस्मानाबाद, नासिक से कोल्हापुर जिलों में फैले 20 से अधिक परिसरों में तलाशी अभियान चलाया।

मुंबई : आयकर विभाग ने 25 अगस्त को बालू खनन, चीनी निर्माण, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवा, मेडिकल कॉलेज चलाने आदि के कारोबार में लगे दो समूहों पर छापेमारी और जब्ती की कार्रवाई की थी। तलाशी कार्रवाई में सोलापुर में फैले 20 से अधिक परिसरों को कवर किया गया था। , महाराष्ट्र के उस्मानाबाद, नासिक और कोल्हापुर जिले। तलाशी अभियान के दौरान, हार्ड कॉपी दस्तावेजों और डिजिटल डेटा के रूप में बड़ी संख्या में आपत्तिजनक सबूत मिले और जब्त किए गए। ये समूह द्वारा अपनाए गए कर चोरी के विभिन्न तौर-तरीकों को प्रकट करते हैं, जिसमें फर्जी खर्चों की बुकिंग, अघोषित नकद बिक्री, अस्पष्टीकृत ऋण / क्रेडिट प्रविष्टियाँ आदि शामिल हैं।

बालू खनन और चीनी निर्माण में लगे समूह के मामले में 15 करोड़ रुपये से अधिक की चीनी की बेहिसाब नकद बिक्री के दस्तावेजी साक्ष्य मिले हैं और उसे जब्त कर लिया गया है. तलाशी कार्रवाई से पता चला है कि समूह ने अपनी बहीखातों में फर्जी असुरक्षित ऋण के रूप में अपनी बेहिसाब आय पेश की है। समूह के कई ऋणदाताओं, साथ ही समूह के प्रवर्तकों ने स्वीकार किया है कि समूह द्वारा उत्पन्न बेहिसाब नकदी रुपये से अधिक है। इस तरह से उसके खाते की किताबों में 10 करोड़ रुपये डाले गए। लगभग रुपये के पूंजीगत लाभ के साक्ष्य। एक गैर-फाइल कापोर्रेट इकाई द्वारा संपत्ति की बिक्री पर 43 करोड़ रुपये भी जब्त किए गए हैं।

स्वास्थ्य सेवा और मेडिकल कॉलेज चलाने के व्यवसाय में लगे दूसरे समूह में सड़क निर्माण के साथ-साथ, कैपिटेशन फीस का प्रतिनिधित्व करने वाली अघोषित नकद रसीदों और डॉक्टरों / पीजी छात्रों को भुगतान किए गए वेतन और वजीफे की वापसी के प्रमाण मिले हैं। इसके अलावा, फर्जी खर्चों की बुकिंग और संविदात्मक भुगतान आदि के संबंध में सबूत पाए गए और जब्त किए गए। समूह की ऐसी अघोषित आय का प्रारंभिक अनुमान 35 करोड़ रुपये है। अब तक की गई तलाशी कार्रवाई में 100 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब आय का पता चला है। साथ ही 5 करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित संपत्ति भी जब्त की गई है.

मेडिकल प्रवेश परीक्षा में दिल्ली से वत्स आशीष बत्रा दूसरे स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी। मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस एडमिशन के लिए नीट एग्जाम के नतीजे बुधवार देर रात घोषित कर दिए। देश में राजस्थान की तनिष्का ने टॉप रैंक हासिल की है। वहीं, दिल्ली से वत्सा आशीष बत्रा ने दूसरा और कर्नाटक के ऋषिकेश नागभूषण गांगुले ने तीसरा स्थान हासिल किया। नतीजे घोषित होते ही रिजल्ट का इंतजार कर रहे छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। दरअसल, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तरफ से घोषित रिजल्ट में 9.93 लाख से ज्यादा छात्रों ने पूरे देश में मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम पास किया है। जानकारी के मुताबिक पास होने वाले छात्रों में यूपी की संख्या सबसे ज्यादा है। बता दें कि देशभर से इस परीक्षा में करीब 17.64 लाख से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया था। इनमें से पास होने वाले 9.93 लाख छात्रों में सबसे ज्यादा 1.17 लाख छात्र यूपी के हैं। हालांकि इस परीक्षा में राजस्थान के 82 हजार से ज्यादा और महाराष्ट्र से करीब 1.13 लाख छात्रों ने परीक्षा में पास कर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। नीट एग्जाम में विदेशी छात्रों की संख्या भी काफी रही है। इस परीक्षा में विदेश के करीब 14 शहरों से छात्रों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। अबू धाबी, कोलंबो, दोहा, बैंकॉक, काठमांडू, कुआलालंपुर, लागोस मनामा, मस्कट रियाद, शारजाह, सिंगापुर, दुबई और कुवैत शहर में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। आवेदन करने वाले 17.64 लाख छात्रों में से करीब 95 फीसदी उम्मीदवार शामिल हुए थे।

AMC ने रमाई आवास योजना पर खर्च किया 10 करोड़ 55 लाख का फंड

औरंगाबाद : रमाई आवास योजना के लिए 9 मार्च 2010 को सरकार द्वारा जारी किए गए निर्णया नुसार महानगरपालिका कार्य क्षेत्र के लिए 5 हजार घरों के निर्माण का भौतिक उद्दिष्ट को मंजूरी प्राप्त है। इस योजना पर अमलीजामा पहनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से महानगरपालिका को आज तक 52 करोड़ 27 लाख रुपए का निधि प्राप्त हुआ है। योजना के खाते पर फरवरी 2022 तक 19 करोड़ 22 लाख रुपए का निधि उपलब्ध था। उपलब्ध निधि से जून 2022 के अंत तक 10 करोड़ 55 लाख रुपए निधि खर्च किया गया है। हाल ही में रमाई आवास योजना का जायजा लेने के लिए घरकुल निर्माण समिति की बैठक महानगरपालिका कमिश्नर डॉ. अभिजीत चौधरी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। तब यह जानकारी सामने आयी। बैठक में सामाजिक न्याय और विशेष सहाय विभाग के अधिकारी डीएच राजमोडे, महानगरपालिका उपायुक्त अपर्णा थेटे, महानगरपालिका के नगर रचना के उपसंचालक एबी देशमुख, उपअभियंता एसएस रामदासी, प्रकल्प व्यवस्थापन सलाहकार काजी नुर मोहियोददीन प्रमुख रुप से उपस्थित थे। प्रस्तुत बैठक में लागू सरकार निर्णया नुसार योजना पर अमलीजामा पहनाने के लिए भौतिक, आर्थिक उद्दिष्ट पूर्ति और कई निर्णयों को मान्यता दी गई। बता दे कि राज्य सरकार के निर्णया नुसार रमाई आवास योजना में अनुसूचित जाती और नवबौध्द घटकों के लिए पक्के घरों का निर्माण और कच्चे घरों का निर्माण पक्के घरों में करना शामिल है। इस योजना में लाभार्थी की ओर से खुद के पहल से 323 स्क्वायर फिट निर्माण कार्य सरकार निर्णय 7 फरवरी 2017 के अनुसार मान्यता प्राप्त है। साथ ही सरकार निर्णया नुसार घरकुल निमार्ण कार्य के लिए निजी लाभार्थी का निकष सालाना उत्पन्न की मियाद रकम 3 लाख और अनुदान रकम ढ़ाई लाख रुपए रखने के लिए मान्यता प्राप्त है। सरकार निर्णया नुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तर्ज पर लाभार्थी के हिस्से की 10 प्रतिशत रकम भरने की शर्त लागू न रहने के बारे में निर्णय पारित किया गया है। इससे पूर्व के 5 चरणों के तजवीज के चलते लाभार्थी को होने वाला आर्थिक तनाव और कार्यालय में बार-बार आकर दस्तावेज दाखिल करने की परेशानियों को टालने और लाभार्थियों के आसानी के दृष्टि से 9 मार्च 2010 को सरकार द्वारा जारी निर्णया नुसार घरकुल निर्माण कार्य के लिए लाभार्थियों को वितरित करने का अनुदान तीन चरणों में करने को लेकर महानगरपालिका कमिश्नर द्वारा निर्देश देने पर तीन चरणों में अनुदान देने का निर्णय पारित किया गया। उसके अनुसार अनुदान वितरण के प्रथम चरण में घर के काम के आंरभ में कुल अनुदान का 50 प्रतिशत यानी एक लाख 25 हजार रुपए, दूसरे चरण में स्लैब निर्माण कार्य के आरंभ में सेटरिंग स्तर पर 40 प्रतिशत यानी एक लाख और बची 10 प्रतिशत यानी 25 हजार की राशि लाभार्थी के घरकुल इस्तेमाल के स्थिति में अंतिम चरण में अनुदान वितरित करने को मान्यता घरकुल निर्माण समिति की बैठक में दी गई।

बच्चे के साथ यौन शोषण करने वाले को 10 साल की जेल, ऐसे खुला मामला



मुंबई : मुंबई में पॉक्सो की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को एक 23 वर्षीय व्यक्ति को उसके पड़ोस के 15 वर्षीय लड़के के साथ कई वर्षों तक बार-बार यौन उत्पीड़न करने के लिए दोषी ठहराया है. जिसके बाद उसे 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है. अदालत को बताया गया कि लड़का अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) से पीड़ित है. अदालत ने कहा कि मुआवजे के लिए मामले की अनुशंसा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) से की गई थी. जहां आरोपी पर पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है.

विशेष लोक अभियोजक वीना शेलार ने गवाहों से पूछताछ की गई, जिसमें वो पीड़ित लड़का भी शामिल है. लड़के ने बताया कि 2019 में जब वह करीब 12 साल का था, तो उसके पड़ोसी ने उससे पैसे की मांग की. इसलिए उसने अपनी मां के पैसे के डिब्बे से 100 रुपये ले लिए. हालांकि, वो पकड़ गया. लड़के ने कहा कि काफी पूछताछ किए जाने के बाद उसने बताया कि पड़ोसी उससे पैसे की मांग कर रहा था, क्योंकि वो उसका रहस्य जानता था कि आरोपी उसके साथ बुरा काम करता था. लड़के ने अपनी मां से कहा कि आरोपी उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार करता था और उसे ओरल सेक्स करने के लिए मजबूर करता था. लड़के ने बताया कि ये तब शुरू हुआ जब वह लगभग 5-6 साल का था. लड़के ने कहा कि आरोपी उसे डराता था कि अगर उसने ये बात किसी को भी बताई तो उसकी मां की बदनामी होगी और वो उसे घर से निकाल देगी. उसने बताया कि आरोपी तब उसके साथ यौन शोषण करता था जब उसकी मां काम में व्यस्त रहती थीं. लड़के ने कहा कि आरोपी उसे अपनी बहन को खेलने के लिए बाहर भेजने के लिए भी कहता था. ऐसा न करने पर वो उसे सब कुछ बता देने की धमकी देता था.

भारी बारिश से जलभराव ने रोकी मुंबई की रफ्तार, ठाणे में 4 साल का बच्चा नाले में बहा

मुंबई : महाराष्ट्र के कई जिलों में भारी बारिश हुई है. मुंबई, नासिक, ठाणे में झमाझम बरसात के बाद कई जगह जलभराव हो गया है. मौसम विभाग ने 11 सितंबर तक भारी बारिश की आशंका जताई है. मूसलाधार बारिश के तेज बहाव में एक 4 साल के बच्चे के बहकर नाले में जाने की आशंका जताई जा रही है. भारी बारिश से कई जगह पर ट्रैफिक पर असर पड़ा है. जबकि नासिक में मंदिर बाढ़ के पानी में डूब गए हैं. मुंबई के कई हिस्सों में शाम करीब 4:30 बजे बारिश शुरू हुई और शाम 5 बजे से शाम 6 बजे के बीच काफी तेज बारिश हुई. जिससे एक घंटे की अवधि में कुछ स्थानों पर 50 मिलीमीटर (मिमी) से अधिक की बारिश हुई. जिससे मुंबई में बारिश के बाद सड़कों पर भारी जलभराव हो गया है. मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में गुरुवार शाम को भारी बारिश हुई. जिससे मध्य रेलवे (सीआर) की मेन लाइन पर पटरियों पर जलजमाव के कारण उपनगरीय ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं. जबकि दीवार गिरने की दो घटनाओं में 4 लोग घायल हो गए.

अधिकारियों ने कहा कि ठाणे शहर में एक नाले में एक लड़के के बह जाने का मामला सामने आया है.

आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मध्य रेलवे पर कलवा और ठाणे स्टेशनों पर पटरियों पर जलजमाव के कारण शाम 7.50 से 8.20 बजे के बीच ट्रेन सेवाएं रोक दी गईं. रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि ठाणे और दिवा सेक्शन में पटरियों पर जलभराव और टिटवाला स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के कारण रात में व्यस्त कॉरिडोर पर उपनगरीय सेवाएं बाधित रहीं. उन्होंने कहा कि मुंबई सीएसएमटी-खोपोली और मुंबई सीएसएमटी-कसरा सेक्शन के बीच तेज और धीमी दोनों गलियारों में सेवाएं कुछ घंटों के लिए बाधित रहीं. अधिकारियों के मुताबिक ठाणे जिले के कलवा में रेल पटरियों पर बारिश का पानी जमा हो गया है.

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शनिवार 10 सितम्बर 2022

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय यह सुनिश्चित करेगा कि केवल ये 'व्हाइट लिस्ट' ऐप ही ऐप स्टोर पर होस्ट किए जाएं

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सभी कानूनी ऐप्स की एक 'व्हाइट लिस्ट' तैयार करेगा और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय यह सुनिश्चित करेगा कि केवल ये 'व्हाइट लिस्ट' ऐप ही ऐप स्टोर पर होस्ट किए जाएं। यह निर्णय गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में अवैध लोन ऐप्स से संबंधित मुद्दों पर एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आरबीआई 'रेंटिड' खातों की निगरानी करेगा, जिनका इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जा सकता है

और इसके दुरुपयोग से बचने के लिए निष्क्रिय गैर-बैंक वित्त संस्थानों या एनबीएफसी को रद्द कर दिया जाएगा। आरबीआई यह भी सुनिश्चित करेगा कि भुगतान एग्रीगेटर्स का पंजीकरण एक समय सीमा के भीतर पूरा हो गया है और उसके बाद किसी भी अपंजीकृत भुगतान एग्रीगेटर को कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय को मुखौटा कंपनियों की पहचान करने और उनके दुरुपयोग को रोकने के लिए उनका पंजीकरण रद्द करने के लिए कहा गया है। सीतारमण ने अवैध ऋण ऐप के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की, जो ज्यादातर समाज के कमजोर वर्गों को ऋण की पेशकश करते हैं, उच्च ब्याज दरों की पेशकश करते हैं और फिर राशि की वसूली के लिए डराने-धमकाने वाले हथकंडे अपनाते हैं। उन्होंने ऐसे एग्रीगेटर्स द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग, कर चोरी और डेटा उल्लंघनों की संभावना पर भी प्रकाश डाला। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्राहकों, बैंक कर्मचारियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य हितधारकों के लिए साइबर जागरूकता बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। बैठक में वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, बैंकिंग सचिव के साथ-साथ कॉर्पोरेट मामलों और आईटी जैसे मंत्रालयों के सचिवों ने भाग लिया।

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स द्वारा निर्मित युद्धपोत तारागिरी को लॉन्च किया जाएगा

मुंबईः वाइस एडमिरल अजेंद्र सिंह, जो भारतीय नौसेना के पश्चिमी कमान के प्रमुख हैं, इस रविवार, 11 सितंबर को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स (एमडीएल) द्वारा निर्मित एक स्टील्थ फ्रिगेट ''तारागिरी'' लॉन्च करेंगे। 'तारागिरी' दो फ्रंटलाइन युद्धपोतों, 'उदयगिरी', नीलगिरी क्लास का दूसरा स्टील्थ फ्रिगेट और विशाखापत्तनम क्लास का चौथा मिसाइल विध्वंसक 'सूरत' के अतिरिक्त होगा। इससे पहले के दोनों युद्धपोतों को इस साल की पहली तिमाही में लॉन्च किया गया था।

दूसरी तिमाही में 'तारागिरी' का शुभारंभ होगा, जो प्रोजेक्ट

17ए का तीसरा जहाज है। जहाज अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर, एक उन्नत कार्रवाई सूचना प्रणाली, एक एकीकृत मंच प्रबंधन प्रणाली, विश्व स्तरीय मॉड्यूलर रहने की जगह और एक परिष्कृत बिजली वितरण प्रणाली से लैस है। स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए स्टील्थ फ्रिगेट में कई अन्य विशेषताएं होंगी। इसमें सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली भी लगाई जाएगी।

नए अवतार में आएगी कांग्रेस, कोई हल्के में नहीं ले सकेगा : रमेश

नईदिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'भारत जोड़ो' यात्रा को पार्टी के लिए ''जीवन रक्षक'' करार देते हुए ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह यात्रा पार्टी को एक नए अवतार में लाएगी तथा वह पहले से अधिक आक्रामक एवं सक्रिय होगी जिसे मित्र और राजनीतिक विरोधी हल्के में नहीं ले सकेंगे। रमेश ने बातचीत में यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस यात्रा को लेकर जिस तरह से हमले कर रही है उससे स्पष्ट है कि सत्ताधारी दल परेशान है।

उन्होंने 'भारत जोड़ो' यात्रा को कांग्रेस के लिए संजीवनी बताते हुए कहा कि यह पार्टी को मजबूती देगी और उसमें नयी जान फूंकेगी। रमेश ने कहा, 'मैं पूरी तरह आश्वस्त हूं कि यह यात्रा कांग्रेस के लिए संजीवनी है, जीवन रक्षक है।'

कांग्रेस नेता ने कहा कि 137 साल के इतिहास में कांग्रेस कई बार अलग-अलग अवतार में सामने आई है और इस यात्रा से उसका नया अवतार होगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस पहले से अधिक आक्रामक और सक्रिय होगी जिसे हमारे मित्र और राजनीतिक विरोधी हल्के में नहीं ले सकेंगे। अब तक हमें सिर्फ हमारे विरोधी ही नहीं, बल्कि हमारे मित्र और सहयोगी भी हल्के में लेते रहे हैं। रमेश ने कहा कि आज भी देश के कोने-कोने में कांग्रेस की उपस्थिति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सबसे पुरानी पार्टी है और भले ही वह सत्ता में न हो लेकिन वह हर मोहल्ले, कस्बे तथा गांव में मौजूद है। 'भारत जोड़ो' यात्रा की भाजपा द्वारा आलोचना किए जाने पर उन्होंने कहा, यह भारत जोड़ो यात्रा है।

हिजाब मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

- **वकील इस्लाम की अनिवार्य प्रथाओं के बारे में बताते रहे, जज ने फटकारा- हमें गोल-गोल मत घुमाइए**

नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक हिजाब विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में तीसरे दिन की सुनवाई गुरुवार को जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच में हुई। सुनवाई 3 घंटे से ज्यादा देर तक चली। इस दौरान याचिकाकर्ता के वकील निजाम पाशा इस्लाम की अनिवार्य प्रथाओं के बारे में बताते रहे, जिस पर जस्टिस धुलिया ने फटकार लगाते हुए कहा- हमें गोल-गोल मत घुमाइए।

सुनवाई के शुरुआत में याचिकाकर्ता के वकील देवदत्त कामत ने कहा- लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने का डर दिखाकर आप हमें स्कॉर्फ पहनने से नहीं रोक सकते हैं? ये मेरा मौलिक अधिकार है। इस पर जस्टिस गुप्ता ने कहा कि क्या हिजाब पहनकर स्कूल जाना आपका मौलिक अधिकार है?

एडवोकेट कामत- मेरे स्कार्फ पहनने से किसके मौलिक अधिकार का हनन होता है? सुप्रीम कोर्ट में मेरे कई दोस्त पगड़ी पहनकर आते हैं।

जस्टिस गुप्ता- सवाल दूसरे के मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का नहीं है। सवाल यह है कि क्या आपके पास मौलिक अधिकार है?

एडवोकेट पाशा- स्कूलों में पगड़ी पहनकर जाने की इजाजत है, लेकिन हिजाब पर रोक लगा दी गई है। जब पगड़ी से अनुशासनहीनता नहीं, तो फिर हिजाब से कैसे?

जस्टिस गुप्ता- कृप्या सिख धर्म के साथ कोई तुलना ना करें। सब कुछ पहले से तय है, सिख स्कूलों का एक मामला पहले से कोर्ट में है।

फरीदकोट रियासत प्रॉपर्टी पर सुप्रीम फैसला

- **महाराजा हरिंदर बराड़ की वसीयत गैरकानूनी करार**

नईदिल्ली/ चंडीगढ़ सुप्रीम कोर्ट ने फरीदकोट रियासत में प्रॉपर्टी के झगड़े में बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराजा हरिंदर सिंह बराड़ की वसीयत को गैरकानूनी करार दे दिया। जिसके बाद उसके आधार पर बने ट्रस्ट को खत्म कर दिया है। अब फरीदकोट रियासत की 25 हजार करोड़ की संपति शाही परिवार को मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इसे परिवार को बांटने के लिए कहा है।
अभी तक इस संपत्ति को महारावल खेवाजी ट्रस्ट संभाल रहा था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 30 सितंबर को ट्रस्ट खत्म हो जाएगा। इसके बाद संपत्ति शाही परिवार में बांटने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। फरीदकोट रियासत के अंतिम महाराज हरिंदर सिंह बराड़ ने मौत से पहले एक वसीयत बनाई थी। जिसमें अपनी बेटी राजकुमारी अमृत कौर को शाही संपत्ति से बेदखल कर दिया था।

पॉलिटिकल फंडिंग: मुंबई में इनकम टैक्स की रेड, झोपड़पट्टी भी IT की रडार पर

मुंबई : महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के सायन और बोरिवली इलाकों में आयकर विभाग की छापेमारी शुरू है. करोड़ों रुपए की पॉलिटिकल फंडिंग और हेराफेरी के मामले में आईटी विभाग की छापेमारी शुरू है. खास बात यह है कि सायन इलाके में एक झोपड़पट्टी पर भी रेड हुई है. इनके अलावा महाराष्ट्र के ही औरंगाबाद में भी लगातार दूसरे दिन छापेमारी शुरू है. मिड डे मील डिलिवरी करने वाले व्यापारी सतीश व्यास नाम के घर, कार्यालय और होटल पर छापेमारी की जा रही है. चार ठिकानों में करीब ५६ अधिकारी मिलकर छापेमारी कर रहे हैं राजस्थान के स्कूलों में मिड डे मील से

जुड़े स्कैम का लिंक अब महाराष्ट्र के औरंगाबाद से भी जुड़ा हुआ सामने आ रहा है. कल से अब तक इनकम टैक्स विभाग ने देश के ११० स्थानों में छापेमारियां की हैं. यानी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पूरी तरह से ऐक्शन मोड में दिखाई दे रहा है. औरंगाबाद के व्यापारी सतीश व्यास को राजस्थान के स्कूलों में मिड डे मील सप्लाई करने का कॉन्ट्रैक्ट मिला हुआ है. उन्हें राजस्थान के अनाज घोटाले से संबंधित माना जा रहा है.

बारामती को अमेठी न समझे BJP आसान नहीं होगी शरद पवार के गढ़ में सेंध

मुंबई : महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी दिग्गज नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार के गढ़ में सेंध लगाने की तैयारी कर रही है। खबर है कि पार्टी राज्य के १६ क्षेत्रों को 'मुश्किल सीटें' मान रही है। इसमें पवार का क्षेत्र बारामती भी शामिल है। फिलहाल, राकंपा सुप्रीमो की बेटी सुप्रिया सुले यहां से सांसद हैं। यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा ने २०२४ लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र की ४८ में से ४५ सीटों से ज्यादा जीतने पर फोकस किया है।हाल ही के कुछ समय में भाजपा और उनके सहयोगी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समूह लगातार पवार परिवार को निशाना बना रहा है। खास बात

है कि भाजपा नेताओं ने इस बात की संभावनाएं जताई थी कि राकंपा विधायक रोहित पवार के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियां कार्रवाई कर सकती हैं। वहीं, शिंदे कैंप के प्रवक्ता विपक्ष के नेता अजित पवार और सुले पर निशाना साध रहे हैं।इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने भी पवार की ओर इशारा किया था। उन्होंने कहा था कि राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं है और नेताओं के गढ़ भी किसी दिन खत्म हो जाते हैं।

ममता बनाम केंद्र- नेताजी की प्रतिमा के लोकार्पण के न्यौते पर भड़कीं ममता

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की सीएम व टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी एक बार फिर केंद्र सरकार पर भड़क गई हैं। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आज शाम होने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा लोकार्पण समारोह के न्यौते की भाषा पर नाराजगी जताते हुए बनर्जी ने कहा कि वह कोई उनकी बंधुआ मजदूर नहीं हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि 2024 में हम बंगाल से एक खेल की शुरूआत करेंगे। हेमंत सोरेन, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार, मैं और अन्य साथी एकजुट होंगे। फिर भाजपा सरकार कैसे बनाएंगे? भाजपा सरकार की कोई जरूरत नहीं है।

बनर्जी ने कहा कि दिल्ली में नेताजी की नई प्रतिमा बनाने का मुझे बुरा लगा है, पुरानी प्रतिमा का क्या हुआ? दूसरा यह है कि जिस ढंग से मुझे कार्यक्रम में शरीक होने का न्यौता दिया गया, वह भी अच्छा नहीं है। दिल्ली में नेताजी की प्रतिमा के उद्घाटन समारोह को लेकर मुझे एक अवर सचिव का पत्र मिला। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री आज प्रतिमा का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम शुरू होने से पहले आप वहां मौजूद रहें। इस भाषा पर आपत्ति प्रकट करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, 'क्या मैं उनकी बंधुआ मजदूर हूं।' ममता बनर्जी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की हालिया भारत यात्रा के वक्त उन्हें मुलाकात के लिए केंद्र द्वारा आमंत्रित नहीं करने पर भी नाराजगी जताई।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शनिवार 10 सितम्बर 2022

कपड़े बनाने वाली इस कंपनी ने निवेशकों को किया मालामाल, एक साल में 131 प्रतिशत का रिटर्न, अभी भी तेजी के संकेत

नई दिल्ली एजेंसी। मोंटे कार्लो फैशन लिमिटेड पुरुषों और महिलाओं के परिधान बनाती और वितरित करती है। कंपनी शर्ट, टी-शर्ट और स्पोर्ट्सवियर बनाती है। कंपनी साल 2008 में स्थापित हुई थी। यह लुधियाना बेस्ड कंपनी है। यह ओसवाल वूलन मिल्स लिमिटेड की सब्सिडियरी कंपनी के रूप में काम करती है।

मोंटे कार्लो फैशन लिमिटेड एक एसएंडपी बीएसई स्मॉलकैप कंपनी है। एक साल में इसके शेयर ने मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस अवधि के दौरान कंपनी के शेयर की कीमत 07 सितंबर 2021 के 360.45 रुपये से बढ़कर 07 सितंबर 2022 को 835.15 रुपये हो गई है, जो एक साल की होल्डिंग अवधि में 131 प्रतिशत की ग्रोथ है। इस कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये का निवेश आज 2.31 लाख रुपये हो जाता।

इसकी तुलना में एसएंडपी बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में महज 6.53 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

पिछले एक साल में सूचकांक 07 सितंबर 2021 को 27,501.28 के स्तर से उछलकर 07 सितंबर 2022 को 29,298.67 पर पहुंच गया।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध राजस्व 170.67 प्रतिशत सालाना बढ़कर 112.8 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी तरफ कंपनी को पिछले वर्ष की समान तिमाही में 10.18 करोड़ रुपये के शुद्ध नुकसान के मुकाबले 3.92 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ।

कंपनी वर्तमान में 21.77× की इंडस्ट्री पीई के मुकाबले 14.38× के टीटीएम पीई पर ट्रेड कर रही है।

गुरुवार सुबह 10:32 बजे, मोंटे कार्लो फैशन लिमिटेड का शेयर बीएसई पर पिछले दिन के बंद भाव 835.15 रुपये से 1.20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 845.15 रुपये पर कारोबार कर रहा था। बीएसई पर शेयर का 52 सप्ताह का उच्च स्तर 887.70 रुपये और 52 सप्ताह का निचला स्तर 322 रुपये है।

कृषि क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने के लिए सरकार कर रही है प्रयासः तोमर

नई दिल्ली एजेंसी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को कहा कि सरकार देश के कृषि क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने का प्रयास कर रही है।

मंत्री यहां रबी अभियान 2022-23 के लिए कृषि पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि 2021-22 के फसल वर्ष (जुलाई-जून) में खाद्यान्न का उत्पादन बढ़कर 31.57 करोड़ टन होने का अनुमान है, जो वर्ष 2020-21 के उत्पादन से 50 लाख टन अधिक है।

एक सरकारी बयान में कहा गया है कि फसल वर्ष 2022-23 के लिए कुल खाद्यान्न उत्पादन का राष्ट्रीय लक्ष्य 32.8 करोड़ टन निर्धारित किया गया है, जिसमें से रबी (सर्दियों में बोया गया) सत्र 16.48 करोड़ टन का योगदान देगा।

उच्च उपज वाली किस्मों (एचवाईवी), कम उपज वाले क्षेत्रों में उपयुक्त कृषि संबंधी प्रथाओं को अपनाने, अवशिष्ट नमी का उपयोग, जल्दी बुवाई और रबी फसलों के लिए जीवन रक्षक सिंचाई के माध्यम से अंतर-फसल, फसल विविधीकरण और उत्पादकता वृद्धि के माध्यम से रकबे को बढ़ाने की रणनीति होगी। तोमर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें संयुक्त रूप से कृषि क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। देश में उत्पादन की दृष्टि से बहुत काम हुआ है, जिससे खाद्यान्न, दलहन और तिलहन के उत्पादन में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, ''आज प्राथमिकता कृषि के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने और उनका समाधान करने की है।'' इस संबंध में तोमर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का जिक्र किया, जिसके तहत किसानों को उनकी फसल के नुकसान के मुआवजे के तौर पर 1.22 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को इस योजना के दायरे में लाया जाना चाहिए क्योंकि इससे छोटे किसान सुरक्षित महसूस करेंगे। तोमर ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उत्पादकता घट रही है, इसलिए जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ा रही है और राज्य सरकारों को भी इस दिशा में और प्रयास करने की जरूरत है।

अग्निकुल कॉस्मॉस ने 3डी प्रिंटेड रॉकेट इंजन के लिए पेटेंट हासिल किया

चेन्नई, एजेंसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास में बनाये गये स्टार्टअप अग्निकुल कॉस्मॉस प्राइवेट लिमिटेड ने थ्री-डी प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए 3डी प्रिंटेड रॉकेट इंजन के डिजाइन और विनिर्माण के लिए केंद्र सरकार से पेटेंट हासिल किया है। कंपनी द्वारा विकसित अग्निलेट 'सिंगल पीस' 3डी प्रिंटेड रॉकेट इंजन है जिसे पूरी तरह से देश में डिजाइन और विनिर्मित किया गया है। शहर की कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह अग्निकुल कॉस्मॉस रॉकेट इंजन डिजाइन करने वाली पहली कंपनी बन गई है जिसे 3डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके हार्डवेयर के एक टुकड़े के रूप में मुद्रित किया जा सकता है। कंपनी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनाथ रविचंद्रन ने कहा, ''अग्निलेट को हार्डवेयर के एक टुकड़े के रूप में डिजाइन करना आसान काम नहीं रहा है, लेकिन हमारी टीम ने इसे कर दिखाया है...।''

वाणिज्य मंत्रालय ने एमएमटीसी, एसटीसी, पीईसी को नामित एजेंसी बनाने की अधिसूचना वापस ली

नयी दिल्ली, एजेंसी। वाणिज्य मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों - एमएमटीसी, एसटीसी और पीईसी को 'कनैलाइजिंग' या नामित एजेंसी बनाने की अधिसूचना को वापस लेने का फैसला किया है।

कनैलाइजिंग एजेंसी का अर्थ ऐसी सरकारी एजेंसी से है, जो आयात और निर्यात करती है। इस दर्जे के आधार पर ये कंपनियां उच्च श्रेणी के लौह अयस्क और कीमती धातुओं का आयात और निर्यात कर सकती हैं।

अधिसूचना वापस होने के बाद ये कंपनियां सरकार के लिए वस्तुओं का आयात और निर्यात करने वाली एजेंसी नहीं रहेंगी।

मंत्रालय के एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, इन उपक्रमों - एमएमटीसी, एसटीसी और पीईसी लिमिटेड - की उपयोगिता की जांच की गई है और यह निर्णय लिया गया कि वाणिज्य विभाग में किसी भी कनैलाइजिंग एजेंसी की कोई जरूरत नहीं है।

ज्ञापन के अनुसार, ''जहां भी जरूरी हो, मंत्रालय अपने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि को कनैलाइजिंग एजेंसी के रूप में नामित कर सकता है।'' इस समय विदेश व्यापार नीति (2015-20) के तहत कीमती धातुओं के आयात के लिए सात नामित एजेंसियां हैं और इनमें वाणिज्य विभाग की चार एजेंसियां- एमएमटीसी, एसटीसी, पीईसी लिमिटेड और एसटीसीएल लिमिटेड शामिल हैं।

नोएडा के ट्विन टावर की तरह क्या ढहाई जाएगी गुरुग्राम की एक इमारत? आज होगी अहम बैठक

गुरुग्राम, एजेंसी।
देश की नवरत्न कंपनी नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन की ग्रीन व्यू सोसायटी के कंडम घोषित टावरों को तोड़ने के लिए शुक्रवार को कंट्री एंड टाउन प्लानिंग के निदेशक को एनबीसीसी के अधिकारी प्रस्ताव देंगे। इसके साथ ही निवेशकों को उनके रिफंड का भी प्रस्ताव सौंपेंगे।इमारत को ध्वस्त करने के लिए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की चर्चा रही। हालांकि, निवेशकों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। सेक्टर-37 में ग्रीन व्यू प्रोजेक्ट एनबीसीसी ने तैयार किया था। 2017 में इस प्रोजेक्ट को पूरा कर निवेशकों को पजेशन दिया जाने लगा। लोगों की शिकायत पर

एनबीसीसी ने इस प्रोजेक्ट का आइआइटी दिल्ली और सेंट्रल ब्यूरो रिसर्च इंस्टिट्यूट से स्ट्रक्चरल आडिट कराया। इसमें आइआइटी की टीम ने इमारत को लोगों के रहने लायक नहीं बताया। एनबीसीसी के अधिकारियों ने निवासियों को नोटिस देकर इमारत खाली करने को कहा। निवासी इमारत खाली करने से पहले ब्याज के साथ रिफंड की मांग पर अड़े रहे। 16 फरवरी को जिला आपदा प्रबंधन के चेयरमैन और उपायुक्त की अध्यक्षता में एनबीसीसी के अधिकारियों व निवेशकों की बैठक हुई, जिसमें एक मार्च को सभी निवासियों को फ्लैट खाली करने के निर्देश दिए गए। निवासियों ने फ्लैट खाली कर दिए। उसके बाद एनबीसीसी अधिकारी पूरे प्रोजेक्ट को ध्वस्त करने की योजना बना रहे थे। निवेशकों ने इस बात का भी विरोध किया। निवेशकों का कहना है कि एनबीसीसी कोई भी कार्रवाई करने से पहले उनका ब्याज समेत रिफंड दे। इमारत को ध्वस्त करने के लिए एनबीसीसी के अधिकारियों ने कंट्री एंड टाउन प्लानिंग के निदेशक से इसके लिए इजाजत मांगी। सात जुलाई को एनबीसीसी के प्रतिनिधि के रूप में मुदित मुदगिल निदेशक कंट्री एंड टाउन प्लानिंग के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए हाजिर हुए। निदेशक ने इस मामले पर सुनवाई के लिए नौ सितंबर तय की।

पैसों के लेनदेन में कारोबारी की गोलीमार कर हत्या, नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। बाड़ा हिंदूराव इलाके में 15 लाख रुपये के लेनदेन के विवाद में कारोबारी मोहम्मद हसीब की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने आरोपित सैयद नौशाद हसन और उसके नाबालिग बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में शामिल एक आरोपित जावेद आलम उर्फ राजा अभी फरार चल रहा है। घटना की तीन सितंबर की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शेखन बाड़ा हिंदूराव निवासी मुनीब ने अपने चचेरे भाई मोहम्मद हसीब के लापता होने की सूचना चार सितंबर को दी थी। हसीब जग्गू कालोनी सदर बाजार इलाके में रहता था। मुनीब ने बताया कि तीन सितंबर की शाम करीब साढ़े चार बजे हसीब अपनी स्कूटी से नौशाद से मिलने गया था। उसने नौशाद पर भाई को अगवा करने और बड़ी अनहोनी की आशंका जताई थी। पुलिस ने नौशाद से पूछताछ की तो उसने बताया कि हसीब उसके कार्यालय आया था और मिलने के बाद चला गया। उन्हें नहीं पता कि वह कहां गया। उस वक्त कार्यालय में उसका नाबालिग बेटा और कर्मचारी जावेद मौजूद थे। पुलिस ने जब तीनों से अलग-अलग पूछताछ की तो नौशाद का नाबालिग बेटा टूट गया और उसने बताया कि उसके पिता के साथ हसीब का 15 लाख रुपये को लेकर झगड़ा हुआ था। पिता के कहने पर नाबालिग ने मारी थी गोली नौशाद के कहने पर उसका नाबालिग बेटा घर से पिस्टल लाया और हसीब को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर जावेद भी आ गया। नौशाद के कहने पर जावेद ने हसीब की स्कूटी दूसरी गली में खड़ी कर दी। इसके बाद शव को नौशाद की इनोवा गाड़ी में डालकर डासना नहर के पास फेंक दिया।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शनिवार 10 सितम्बर 2022

माधुरी दीक्षित के साथ बतौर जज काम करके मेरा सपना पूरा हुआ

डांसर, मॉडल और एक्ट्रेस नोरा फतेही अब झलक दिखला जा में जज की कुर्सी संभालती नजर आ रही हैं। बाटला हाउस के बाद वे लव रंजन की फिल्म में भी फुल लेंथ रोल में दिखेंगी। हाल ही में बातचीत की, जिसमें उन्होंने जज बनने से लेकर अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि माधुरी दीक्षित के साथ बतौर जज काम करके उनका सपना पूरा हो गया।

नोरा कहती हैं, मुझे जब झलक दिखला जा जज करने का ऑफर आया, तब विश्वास नहीं हो रहा था। उस समय मुझे लगा कि ये सच नहीं मजाक है। दरअसल, कभी इस डांस शो की कंटेस्टेंट थी और अब बतौर जज शो ऑफर हुआ तो इस बात को लेकर काफी इमोशनल हो गई। मैं इस शो का हिस्सा इसलिए बनी थी, क्योंकि मुझे माधुरी दीक्षित से मिलना था। लेकिन मेरा बैड लक था कि उस सीजन में वो जज नहीं थीं। खैर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस शो की जज बनूंगी।

करण सर-माधुरी मैम के सामने मैं नर्वस हो जाती हूं

नोरा आगे कहती हैं, मैं जब स्कूली दिनों के दौरान कनाडा में थी, तब माधुरी मैम की फिल्में देखती थी। आज जब उनसे मिल रही हूं और उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिल रहा है, तब लग रहा है कि मेरा सपना पूरा हो गया है। ऐसा लगता है कि दुनिया कितनी छोटी है। हालांकि करण सर और माधुरी मैम के सामने मैं थोड़ा नर्वस हो जाती हूं।

कंटेस्टेंट रहते हुए कई डांस स्टाइल सीखी

नोरा ने कहा, मुझे बचपन से डांस का शौक था। मुझे हमेशा से ऐसा लगता रहा कि मेरे ब्लड में ही डांस रचा-बसा है। इस तरह धीरे-धीरे स्कूल के दिनों से डांस की जर्नी शुरू हुई। जब मैं इस रियलिटी शो की कंटेस्टेंट थी, तब मैंने बहुत कुछ सीखा। जब साउथ में काम कर रही थी, तब वहां भी काफी कुछ सीखने को मिला। लेकिन बतौर कलाकार आज भी लगता है कि अभी बहुत कुछ सीखने के लिए बाकी है।

जल्द मेरी 2-3 फिल्मों की अनाउंसमेंट होने वाली है

नोरा ने आगे कहा, मैंने भुज, बाटला हाउस, स्ट्रीट डांसर आदि फिल्मों में एक्टिंग की है। मैं अभी ही पॉपुलर होना शुरू हुई हूं। स्ट्रीट डांसर के बाद कोविड आ गया था पर अब सब कुछ फिर से शुरू हो गया है। जल्दी मेरी 2-3 फिल्मों की अनाउंसमेंट होने वाली है। इन फिल्मों में मैं लीड रोल प्ले कर रही हूं। सब कुछ धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। इस बीच मैं लव रंजन की साइलेंट फिल्म पूरी कर चुकी हूं। मैं इसमें सिर्फ और सिर्फ एक्टिंग ही करते नजर आने वाली हूं।

मैं अब ऑडियंस के नजरिये से ही फिल्में साइन करने का सोचूंगी

उसी के इर्द-गिर्द फिल्में बनाते हैं। फिर एक वक्त आता है, जब उनका ये टेस्ट चेंज होता है और फिर मेकर्स को उसे समझने में थोड़ा वक्त लगता है। हम भी उसी दौर से गुजर रहे हैं। फिल्में नहीं चल रही हैं और ऐसे में हम सिर्फ और सिर्फ ज्यादा मेहनत करने का सोच सकते हैं। बतौर एक्टर अब मैं ऑडियंस और उनके पसंद के नजरिये से ही फिल्में साइन करने का सोचूंगी। उम्मीद यही है कि हम सभी मिलकर ज्यादा से ज्यादा मेहनत करें, जिससे लोग हमारी फिल्में एन्जॉय कर सकें।

अब तक की अपनी जर्नी से बहुत संतुष्ट हूं

रकुल फिल्म में अपने कैरेक्टर के बारे में बात करते हुए कहती हैं, इसमें मेरा किरदार दिव्या एक स्कूल टीचर है। वो बहुत ही मेच्योर, स्मार्ट और इंटेलीजेंट है। इस किरदार की खासियत ये है कि इससे मुझे साइन लैंग्वेज सीखने को मिली। मैं अपने आपको बहुत खुशनसीब मानती हूं कि फिल्मों के जरिए मुझे नए-नए स्किल्स सीखने को मिलते हैं। मैं अब तक कि अपनी जर्नी से बहुत संतुष्ट हूं।

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूजा करने से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रोक दिया

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के भारी विरोध के चलते बॉलीवुड कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूजा करने से रोक दिया गया। पुलिस के अनुसार, दंपति को मंगलवार को पूजा करनी थी, जिसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस के साथ मंदिर समिति ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। हालांकि, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बीफ के मुद्दे पर 2011 में रणबीर कपूर की कथित टिप्पणी के आधार पर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के प्रवेश का विरोध किया।

इस घटना का विरोध करने वाले दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया। उज्जैन के एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''सुरक्षा चिंताओं के कारण, दंपति मंदिर में पूजा किए बिना उज्जैन से इंदौर लौट गए। हालांकि, 'ब्रह्मास्त्र: भाग एक - शिव' फिल्म के अन्य सदस्यों ने बाद में मंदिर में पूजा-अर्चना की।' इस बीच, पुलिस ने एक प्रदर्शनकारी को हिरासत में ले लिया, जब वह ड्यूटी पर एक अधिकारी के साथ विवाद कर रहा था। बजरंग दल के नेता अंकित चौबे ने कहा, ''हम रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को बीफ वाले बयान को लेकर मंदिर में प्रवेश नहीं करने देंगे। हम अपने कार्यकर्ता पर हमले को लेकर स्थानीय प्रशासन और पुलिस के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।'

जानकारी के मुताबिक इंदौर लौटने से पहले रणबीर और आलिया उज्जैन के जिलाधिकारी आशीष सिंह के सरकारी आवास पर रुके थे। कलेक्टर फिल्म के निर्देशक अयान मुखर्जी के दोस्त हैं।फिल्म के निर्देशक ने कहा कि, फिल्म की रिलीज से पहले मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद बहुत अच्छा लगा, लेकिन विरोध के बारे में कुछ भी कहने से परहेज किया।

प्रॉपर्टी खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान

अगर आप भी प्रॉपर्टी खरीदने वाले हैं तो आप जो भी प्रॉपर्टी खरीदने जा रहे हैं उसकी वैधता की पूरी तरह से जांच कर लें। प्रॉपर्टी डीलिंग से जुड़ी कई मामलों में ऐसा देखा गया है कि लोग खरीदी गई प्रॉपर्टी का फूल एग्रीमेंट बनवा लेते हैं और उस प्रॉपर्टी पर कब्जा प्राप्त कर लेते हैं। ऐसे में आपको काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है। चलिए जानते हैं प्रॉपर्टी खरीदते समय किन बातों का हमें ध्यान रखना चाहिए।

जीवन भर की कमाई से खरीदते हैं प्रॉपर्टी

महंगाई के इस दौर में सभी के लिए प्रॉपर्टी खरीदना इतना आसान नहीं है। कई लोग अपने जीवन भर की कमाई से प्रॉपर्टी खरीदते हैं। ऐसे में आप जब भी कोई प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं तो उसके बारे में अच्छे से पता कर लें क्योंकी प्रॉपर्टी में काफी ज्यादा फ्राड होता हैं।

पैसे बचाने के चक्कर में बुरी तरह फंस जाते हैं

यदि आप कोई प्रॉपर्टी खरीदते हैं तो उसकी एवज में आपको सरकार को स्टांप ड्यूटी देनी होती है। स्टांप ड्यूटी देने के बाद ही आपकी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री की जाती है। लेकिन अफसोस कई लोग थोड़े-से पैसों के लालच में आकर स्टांप ड्यूटी नहीं देते हैं। जिसकी वजह से उनकी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री भी नहीं हो पाती है। ऐसे में आप काफी बड़ी मुसीबत में भी फंस सकते हैं।

फुल पेमेंट एग्रीमेंट

फुल पेमेंट एग्रीमेंट से रहें सावधान। दरअसल, प्रॉपर्टी की पक्की रजिस्ट्री के लिए स्टांप ड्यूटी चुकानी पड़ती है, जिसे बचाने के चक्कर में लोग खरीदी गई प्रॉपर्टी का फुल पेमेंट एग्रीमेंट बनवा लेते हैं लेकिन अगर आप कानून की नजर से देखते हैं तो यह गलत होता है। फुल पेमेंट एग्रीमेंट के बारे में सबसे पहले ये जान लेना चाहिए कि इससे किसी भी प्रॉपर्टी का कानूनन मालिकाना हक नहीं मिलता है। जिसके कारण आपके साथ कभी भी फ्राड हो सकता है।

प्रॉपर्टी बेचने वाला ठग सकता है

यदि प्रॉपर्टी बेचने वाला व्यक्ति कुछ समय के बाद आपकी प्रॉपर्टी को अपना बता दे तो आप मुश्किल में फंस सकते है। इसलिए कभी भी थोड़े पैसे मत बचाएं। फुल पेमेंट एग्रीमेंट नहीं करवाना चाहिए। कानून के अनुसार देखें तो प्रॉपर्टी खरीदने के बाद उसकी एवज में स्टांप ड्यूटी की रकम भरकर रजिस्ट्री करा लें। जिससे आपका प्रॉपर्टी पूरे तरीके से सुरक्षित रहेगा। इतना ही नहीं, रजिस्ट्री कराने के बाद उस प्रॉपर्टी का दाखिल खारिज कराना भी बहुत जरूरी है।
आप भी प्रॉपर्टी खरीदने का मन बना रहे है तो इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

मालिकाना हक नहीं दिलाता फुल पेमेंट एग्रीमेंट

फुल पेमेंट एग्रीमेंट सिर्फ एक निश्चित समय के लिए होता है, जो किसी प्रॉपर्टी की पूरी रकम दिए जाने के बाद बनाया जाता है। किसी भी प्रॉपर्टी पर कानूनन मालिकाना हक पाने के लिए उसकी रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। लेकिन कई लोग रजिस्ट्री नहीं करवाना चाहते है।

आपके बाथरूम की खूबसूरती को बढ़ाएंगे टॉवल रैक

बाथरूम चाहे छोटा हो या बड़ा, लोग अपनी सहूलियत, आवश्यकताओं व बाथरूम स्पेस के अनुसार टॉवल हैंगर को वहां पर जरूर लगवाते हैं। ऐसे में अगर आप अपने बाथरूम को ब्यूटीफुली एक मेकओवर देना चाहती हैं तो ऐसे में आप डिफरेंट स्टाइल के बाथरूम हैंगर पर विचार कर सकती हैं यह बाथरूम हैंगर ना केवल आपके काम को आसान बनाएंगे, बल्कि आपके बाथरूम की खूबसूरती को भी कई गुना बढ़ाएंगे। आपने टॉवल को हैंग करने के लिए टॉवल रैक का इस्तेमाल करने के बारे में तो सुना होगा। लेकिन आज इस लेख में हम आपको टॉवल रैक के अलावा भी कुछ अन्य ऑप्शन्स के बारे में बता रहे हैं

टॉवल हर बाथरूम की जरूरत है। जब आप नहाते हैं तो आपको बाद में टॉवल की आवश्यकता होती है। इतना ही नहीं, बाथरूम में घर के अलग-अलग सदस्यों के लिए टॉवल होते हैं। साथ ही साथ बाथरूम में डिफरेंट साइज टॉवल को भी हैंग किया जाता है। लेकिन क्या आपको यह पता है कि एक छोटी सी जरूरत की चीज भी आपके पूरे बाथरूम का मेकओवर कर सकती है- जैसा कि एक टॉवल हैंगर।

टॉवल रैक

जब बाथरूम में टॉवल को हैंग करने की बात आती है तो ऐसे में टॉवल रैक सबसे पहला ऑप्शन है। चूंकि यह टॉवल रैक साइज में थोड़े बड़े होते हैं, इसलिए आप इसमें एक साथ तीन-चार टॉवल आसानी से टांग सकती हैं। इस्तेमाल करने के हिसाब से यह बहुत अधिक कन्विनियंट और किफायती है।

टॉवल हुक

अगर आपके घर में दो या तीन बाथरूम हैं और इसलिए एक बाथरूम केवल एक ही व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल किया जाता है तो ऐसे में आप टॉवल हुक्स पर विचार कर सकती हैं। यह स्मॉल साइज हुक होते हैं, जिनमें एक या दो से अधिक टॉवल्स को हैंग नहीं किया जा सकता है।
हालांकि, स्मॉल स्पेस के लिए टॉवल हुक्स एक अच्छा ऑप्शन हैं, क्योंकि यह बाथरूम की वॉल पर भी स्पेस नहीं लेते हैं और आपकी जरूरतों को बेहद आसानी से पूरा करते हैं।

करें सीढ़ियों का इस्तेमाल

अगर आप एक डिफरेंट स्टाइल में टॉवल को हैंग करने का मन बना रही हैं तो ऐसे में सीढ़ियों का इस्तेमाल करना बेस्ट रहेगा। इनकी खासियत यह है कि इसके लिए आपको दीवार में किसी भी तरह का काम करवाने की जरूरत नहीं है।
बस आप सीढ़ी को अपने बाथरूम में या बाथरूम के बाहर जगह दीजिए और वहां पर टॉवल्स को हैंग करें। अगर आपका घर किराए का है या फिर आप बाथरूम को ब्यूटीफुली डेकोर करना चाहती हैं तो सीढ़ियों को ही टॉवल हैंगर बना लीजिए।

मुंबई के मशहूर 'डब्बा वालों' ने महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद दुख जाहिर किया

मुंबई : मुंबई के मशहूर 'डब्बा वालों' ने शुक्रवार को कहा कि वह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद दुख की घड़ी में ब्रिटेन के शाही परिवार और दुनियाभर के लोगों के साथ हैं।ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का गुरुवार रात निधन हो गया। वह 96 साल की थीं। वह लंबे समय से बीमार थीं। डब्बा वाले लोगों के घरों तथा रेस्तरां से दोपहर का खाना उनके कार्यालय तक पहुंचाने के लिए दुनियाभर में मशहूर हैं। 'नूतन मुंबई टिफिन बॉक्स सप्लायर्स एसोसिएशन' के एक पदाधिकारी रघुनाथ मेडगे ने कहा, ''मुंबई के डब्बा वालों की ओर से मैं, शाही परिवार के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।'' उन्होंने कहा कि डब्बा वालों को दुनिया में कोई नहीं जानता था लेकिन वे महारानी एलिजाबेथ और शाही परिवार के कारण मशहूर हो गए।

मेडगे और एसोसिएशन के एक अन्य पदाधिकारी सोपाल मारे अप्रैल 2005 में प्रिंस चार्ल्स तथा कैमिला पार्कर के शाही शादी समारोह में शामिल हुए थे। शाही विवाह के लिए लंदन की आठ दिन की यात्रा को याद करते हुए मेडगे ने कहा कि उन्होंने विंडसर कैसल में महारानी एलिजाबेथ तथा शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सुबह का नाश्ता किया था। उन्होंने कहा, ''हमने विंडसर कैसल में शाही परिवार के साथ दो बार सुबह का नाश्ता किया था और महारानी वहां मौजूद थीं।'' उन्होंने कहा कि वे की दिक्कत के कारण उनसे बातचीत नहीं कर पाए लेकिन उन्होंने उनके साथ बहुत विनम्रतापूर्वक व्यवहार किया।

कल्याण डोंबिवली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में 'आप' के सदस्य अपने फंड से गड्ढों को भरा

कल्याण : कल्याण डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) के अधिकार क्षेत्र में पिछले तीन महीनों में सड़कों पर गड्ढों के कारण दो बाइक दुर्घटना में मौत हो चुकी है।हालांकि, आम आदमी पार्टी (आप) कल्याण-डोंबिवली इकाई द्वारा कई बार याद दिलाने के बावजूद केडीएमसी अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में प्रमुख सड़कों पर गड्ढों को भरने के लिए गुरुवार को अअढ सदस्यों ने मामलों को अपने हाथों में लिया और अपनी जेब से नकदी जमा की। आप महाराष्ट्र राज्य समिति के सदस्य (सोशल मीडिया टीम) दीपक दुबे ने कहा, ''हमने केडीएमसी अधिकारियों को कई पत्र भेजे और इस संबंध में केडीएमसी आयुक्त से भी संपर्क किया लेकिन वे धन की कमी के कारण असहाय थे। हमने मामलों को अपने हाथों में ले लिया। और गड्ढों को खुद भरने का फैसला किया। अब तक, कल्याण और डोंबिवली की प्रमुख सड़कों के किनारे 10 बड़े गड्ढों को हमारी अपनी जेब से जमा किए गए पैसे से भर दिया गया है। दुबे के मुताबिक ज्यादातर सदस्यों ने अपनी जेब से करीब 900-1000 रुपये का दान दिया। उन्होंने कहा, ''हमने रेत के चार बोरे (रेती) और सीमेंट का एक बैग खरीदा और खुद गड्ढों को भर दिया।'' इस पहल को कल्याण डोंबिवली निर्वाचन क्षेत्र के आप सदस्यों ने समर्थन दिया, जिनमें विनोद गुप्ता, अक्षरा पटेल, सुनील वेंगुर्लेकर, अवधूत दीक्षित, रूपेश पाटिल, रेखा रेडकर, संगीता जाधव और राहुल दत्ता शामिल हैं।

बीएमसी ने नागरिक स्वामित्व वाली इमारतों में रहने वाले किरायेदारों के किराए में बढ़ोतरी का फैसला किया...

मुंबई : बीएमसी ने नागरिक स्वामित्व वाली इमारतों में रहने वाले किरायेदारों के किराए में बढ़ोतरी का फैसला किया है। ऐसे हजारों भवनों में रहने वाले किराएदारों को इसके बाद 700 रुपए मासिक किराया देना होगा । हालांकि, बीएमसी के पूर्व विपक्षी नेता रवि राजा ने आरोप लगाया कि अचानक बढ़ोतरी उन निवासियों के साथ अन्याय होगी जो निम्न आय वर्ग के वर्ग में आते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिदे को पत्र लिखकर बीएमसी सर्कुलर पर स्थगन आदेश देने का अनुरोध किया है। बीएमसी के पास दक्षिण मुंबई में बड़े पैमाने पर 3,505 भवन हैं, जिनमें 46,000 से अधिक किरायेदार रहते हैं। इसमें कमर्शियल और रेजिडेंशियल दोनों तरह की संपत्तियां शामिल हैं। तत्कालीन बॉम्बे इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट को 1925 में बीएमसी में भंग कर दिया गया था, और इमारतों का स्वामित्व नागरिक निकाय के पास आ गया था। कुछ को विभाजन के बाद छोड़ दिया गया था जबकि कुछ विशेष रूप से किफायती आवास के लिए बनाए गए थे। नागरिक निकाय ने तब कई संपत्तियों को न्यूनतम किराए पर किराए पर लिया था। नगर निकाय ने पहले 1955 में, फिर 1998 में और फिर 2014 में किराया बढ़ाया था। हालांकि, अब तक तीन बार बढ़ोतरी के बावजूद, वर्तमान में आवासीय किरायेदारों से किराया लगभग 100 रुपये प्रति माह है।

ठाणे के राबोदी पुलिस ने चोरी के 11 मामलों में छह लोगों को गिरफ्तार कि

ठाणे : राबोदी पुलिस ने चोरी के 11 मामलों में छह लोगों को गिरफ्तार किया है. एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी व्यक्तियों के पास से 6,65,000 रुपये मूल्य के कीमती सामान बरामद किए गए। सहायक पुलिस आयुक्त सोनाली ढोले ने कहा, 'चोरी के 11 मामले राबोदी और नौपाड़ा थाने की सीमा में हुए. ढोले ने कहा कि दोनों क्षेत्रों में चोरी के बढ़ते मामले सामने आ रहे हैं और इस तरह उन्होंने आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई. उनकी सूचना मिलने के बाद, पुलिस हरकत में आई और आखिरकार उन सभी छह को दबोच लिया। हमने लूटा हुआ सामान बरामद किया है जिसमें तीन ऑटो-रिक्शा, एक मोबाइल फोन, एक शाइन मॉडल बाइक, आभूषण और 6,65,000 रुपये नकद शामिल हैं। काम करने का तरीका यह था कि वे आमतौर पर उन घरों को निशाना बनाते थे जो आसपास के सीसीटीवी सिस्टम से ढके नहीं थे।''

ठाणे नगर परिवहन (टीएमटी) के आनंद नगर डिपो में पास वितरण केंद्र स्थापित किया जा रहा

ठाणे : ठाणे नगर परिवहन (टीएमटी) के आनंद नगर डिपो में पास वितरण केंद्र स्थापित किया जा रहा है. शहर का नागरिक निकाय, ठाणे नगर निगम (टीएमसी), भी परियोजना में शामिल है। पास वितरण केंद्र 12 सितंबर से शुरू होने की उम्मीद है और यह सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुला रहेगा। घोड़बंदर रोड के निवासियों की सुविधा के लिए केंद्र खोला गया था। टीएमसी प्रशासक और प्रमुख डॉ विपिन शर्मा और टीएमटी अध्यक्ष विलास जोशी ने घोड़बंदर रोड के सभी यात्रियों से सेवा का लाभ उठाने की अपील की । मीडिया से बात करते हुए, जोशी ने कहा, 'वर्तमान में, टीएमसी का शिवाजी नगर (बी केबिन) में एक पास वितरण केंद्र है, जहां रियायती पास, छात्र पास, वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र और आदि जारी किए जाते हैं।लेकिन, केंद्र तक पहुंचने वालों के लिए मुश्किल है। घोड़बंदर रोड के पास और यात्रियों की ओर से मांग थी और इसलिए हमने किया।''

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव (पूर्व),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com